आईआईएम में मना योग दिवस

रायपुर. भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर में 6वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. भारत सरकार से प्राप्त अधिसूचना के अनुसार संकाय, स्टाफ और छात्र रविवार सुबह 7 बजे अपने-अपने घरों से ही 45 मिनट कॉमन योग प्रोटोकॉल ड्रिल में शामिल हुए. 'घर पर योग और परिवार के साथ योग' थीम पर आयोजित ऑनलाइन योग प्रोग्राम में आईआईएम के निदेशक ने भी भाग लिया. आईआईएम के संकाय प्रमुख, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने घरों से ही दूरदर्शन पर लाइव सत्र देखकर विभिन्न योगासन, कपालभाति, प्राणायाम और ध्यान लगाने वाले व्यायाम और आसन किए.

Navbharat, 23rd June 2020,p.3 (Rajdhani).jpg